भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2474

दिनांक 24.03.2022 को उत्तर देने के लिए

प्रवासन और आवाजाही (मोबिलिटी) भागीदारी करार

2474 श्री राजमणि पटेलः

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिलः

श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्री जी. सी. चन्द्रशेखरः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कनाडा सरकार के साथ प्रवासन और आवाजाही (मोबिलिटी) भागीदारी करार (एमएमपीए) पर कोई प्रगति हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) हाल ही में मैनिटोबा में मानव तस्करी गिरोह की मदद लेकर कनाडा की सीमा पार करने का अवैध रूप से प्रयास करते समय गुजराती परिवार की अत्यधिक ठंड के मौसम के कारण हुई दुखद मौत की घटना के पश्चात की गई अनुवर्ती कार्रवाई और की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने मानव तस्करी के मामलों में दोषसिद्धि दर में गिरावट के कारणों का आकलन किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) सरकार ने दिसंबर 2020 में कनाडा सरकार को प्रवासन और आवाजाही भागीदारी समझौते (एमएमपीए) का प्रस्ताव दिया है। मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक बैठकों के दौरान, कनाडाई पक्ष को यह सूचित किया गया कि यह समझौता दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंध के दृष्टिगत पारस्परिक रूप से लाभकारी होगा।

(ग) कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में कनाडा-यू.एस.ए. सीमा के निकट 19 जनवरी 2022 को बाहरी तत्वों के संपर्क में आने के कारण एक ही परिवार के चार भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई। ओटावा स्थित हमारे उच्चायोग और टोरंटो स्थित कोंसुल ने मृतक के परिवार को कौंसुली सेवाएं प्रदान कीं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में हमारे मिशन और कोंसलावास चल रही जांच के संदर्भ में संबंधित सरकारी प्राधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं।

(घ) और (ड.) राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित अपराध के आंकड़ों को संकलित करता है और इसे अपने वार्षिक प्रकाशन 'क्राइम इन इंडिया' में प्रकाशित करता है। नवीनतम रिपोर्ट वर्ष 2020 में प्रकाशित की गई है। मानव तस्करी के तहत वर्ष 2018-2020 के दोषी ठहराए गए मामलों और दोषसिद्धि दर का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**दोषसिद्ध मामले**	**दोषसिद्धि दर**
2018	115	19.4
2019	161	22.5
2020	49	10.6

***